हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 5.4 डिग्री

12 65 लाख से नई कक्षाओं और लाइब्रेरी निर्माण का शुभारंभ



12 90 कर्मियों को दो माह से नहीं मिला वेतन



## खबर संक्षेप

### अभियान चला पुलिस ने पांच आरोपी पकड़े

**पानीपत।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत थाना मतलौडा पुलिस की टीम ने जुआ खेलने के आरोप में गांव मतलौडा निवासी राकेश, गंगाराम व अजय को गिरफ्तार किया है। इन पर गेम्बलिग एक्ट के तहत केज किया है। जबकि थाना सदर पुलिस सट्टा खाईवाली कर रहे गुरूनानकपुरा कच्चा कैंप निवासी संजीव को पकडा है। वही थाना समालखा पुलिस ने गांव राक्सेडा में अवैध कच्ची शराब के साथ जगीर को गिरफ्तार किया। इस पर थाना समालखा में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### पानीपत के निम्बरी में आग से राख हुई फैक्टरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव निम्बरी में बापौली रोड महावीर धर्मकांटा के सामने स्थित आर.के.सपुनटेक्स में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की गाडियों ने आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक मशीनरी, बिल्डिंग और कच्चा माल जल चुका था। गनीमत यह रही की कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। इधर, दमकल अधिकारी आग लगे व हुए नुकसान की जांच कर रहे है।

### हजारों रुपये की हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**यमुनानगर।** थाना छछरौली पुलिस ने बालाचौर रोड के नजदीक से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 19.63 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत 70 हजार रुपये बताई जा रही है। थाना छछरौली में तैनात एसआई गुरमीत सिंह ने बताया कि वह रविवार शाम छह बजे छछरौली क्षेत्र में गश्त कर रहा था। यहां पकड़े आरोपी से पूछताछ करने पर उसकी पहचान छछरौली की रहमिया कॉलोनी निवासी खालिद उर्फ काला के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### भाकियू ने समस्याओं पर किया विचार-विमर्श

**इंद्री।** भारतीय किसान यूनियन की मीटिंग नई अनाज मंडी में ईशम सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई। भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य ने शिरकत की। उन्होंने किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि किसानों की मुख्य मांगें हैं कि फसलों के लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिए जाएं, एमसपी की कानूनी गारंटी हो इससे नीचे किसानों की फसल ना खरीदी जाए, किसानों को कर्ज मुक्त किया जाए, फसल बीमा योजना पारदर्शी बनाई जाए और फसल बीमा की पॉलिसी हर किसान को दी जाए, और किसानों को बेसहारा पशुओं की समस्या से निजात दिलवाई जाए आदि मांगे हैं। इस मौके पर भीम सिंह, राजेंद्र सिंह, अमर सिंह, सत्यपाल, विजय, दर्शन लाल व जयकुमार सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## दो मुख्य मांगों को लेकर सरकारी चिकित्सकों की दो दिवसीय हड़ताल

# सरकारी चिकित्सक रहे हड़ताल पर मेडिकल कॉलेज से स्टॉफ बुलाया

- अस्पताल प्रशासन ने आदेश मेडिकल कॉलेज से 104 चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

लंबित मांगों को लेकर शनिवार को हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के बैनर तले जिला भर के सरकारी चिकित्सकों ने सोमवार को हड़ताल रखी। इस कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रही। सुबह जिला नागरिक अस्पताल में ओपीडी कुछ समय के लिए बाधित रही, जिससे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। स्थिति को संभालने के लिए अस्पताल प्रशासन ने आदेश मेडिकल कॉलेज से 104 चिकित्सकों की डयूटी लगाई। चिकित्सकों ने सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित किया।

जिला स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि मरीजों को कोई परशानी नही आई है। हालांकि, हड़ताल के कारण ऑपरेशन संबंधी मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत हुई, क्योंकि दिनभर सर्जरी नहीं हो सकी। जिला अस्पताल के 17 चिकित्सक हड़ताल पर रहे, जबकि तैनात कंसल्टेंट डॉक्टरों ने ओपीडी में अपनी सेवाएं जारी रखी। सरकार द्वारा डायरेक्ट एसएमओ भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसका चिकित्सक विरोध कर रहे है। सुबह अस्पताल में आए मरीज लखबीर निवासी गांव भैंसी माजरा ने बताया कि वे सुबह 8 बजे ही अस्पताल पहुंच गए थे। हड़ताल के बारे में उन्हें कोई जानकारी नही। सुबह एक घंटा लाइन में लगकर रजिस्ट्रेशन पर्ची कटवाई। उसके बाद अस्पताल की तीसरी मंजिल पर बनी ओपीडी में पहुंचकर हड्डी विभाग के चिकित्सक के कमरे के बाहर खड़े वार्ड ब्वॉय को रजिस्ट्रेशन पर्ची दी जिसने इंतजार करने बारे कहा। 11 बजे तक इंतजार कर रहा हूं। डाक्टर कब सीट पर आएंगे इस बारे कुछ नही बताया। उन्होंने कहा कि सरकार को इसके लिए पहले ही व्यवस्था करनी चाहिए ताकि मरीजों को इधर-उधर भटकना न पड़े।



कुरुक्षेत्र। मरीज का चेकअप करते परामर्श चिकित्सक।

### ओपीडी सेवाएं रही जारी : डा. सुखबीर सिंह

लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने बताया कि हड़ताल के दौरान कंसलटेंट चिकित्सकों और एनएचएम डॉक्टरों के माध्यम से ओपीडी सेवा जारी रही। मरीजों को कोई समस्या नही हुई। 17 चिकित्सक हड़ताल पर रहे। आदेश मेडिकल कॉलेज से 104 चिकित्सक आए थे। अस्पताल प्रशासन ने जनता से सहयोग की अपील की है।



कुरुक्षेत्र। नागरिक अस्पताल की ओपीडी में खड़े मरीज।

### आज भी चिकित्सक हड़ताल पर रहेंगे

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ. तेजेंद्र चौहान ने बताया कि एचसीएमएस मेंबर्स अपनी पुरानी लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए ये कदम उठाने को मजबूर है। ये वही मांगे है जिनको पिछले साल जुलाई में सरकार ने लिखित में मान लिया था एवं पूरा करने का वादा किया था। पहली माँग डायरेक्ट सीएमओ की भर्ती को रोकना एवं सर्विस रूलस को एमेंड करना है। सरकार पिछले कई वर्षों से ये भर्ती न करने की बात मान चुकी है लेकिन अब तक रूलस को एमेंड नही किया है। पिछले साल भी आंदोलन के दौरान सरकार ने वादा किया था कि सर्विस रूल्स में बदलाव किया जाएगा। एक साल के बाद भी रूल्स को नहीं बदला गया। इसके विपरीत सरकार ने डायरेक्ट सीएमओ की फिर से भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी। सरकार की इस वादखिलाफी से एचसीएमएस के तमाम डॉक्टर्स आहत है एवं उनमे रोष है। हम चाहते हैं कि सरकार इस प्रक्रिया को रोके एवं सर्विस रूल्स में संशोधन करके अपना वादा निभाए। इसके अलावा सरकार ने पिछले साल मोडिफाइड एसीपी स्कीम को मान लिया था एवं सीएम ने इसे अप्रूव भी कर दिया था। इसको लेकर आज तक भी कोई नोटिफिकेशन नहीं हुई है। सरकार की इस वादखिलाफी के चलते हमे यह कदम उठाना पड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी कि 9 दिसंबर को सभी सेवाएं बंद रहेंगी और मांगें पूरी न होने पर 10 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होगी।


# कैंटर की टक्कर से पलटी रोडवेज बस, आठ चोटिल

- कुरुक्षेत्र के पिपली चौक के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

चंडीगढ़ से दिल्ली एयरपोर्ट जा रही हरियाणा रोडवेज चंडीगढ़ डिपो की बस रविवार रात्रि करीब 12 बजे पिपली चौक पर पलट गई। बस पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे के वक्त बस में 28 यात्री थे। हादसे में बस में सवार करीब 8 यात्रियों को चोंटे आई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर एम्बुलेंस को बुलाया गया। पुलिस ने राहगीरों की मदद से चोटिल यात्रियों को इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भिजवाया। जहां सभी चोटिल यात्रियों का प्राथमिक उपचार किया गया। बस के परिचालक भूप सिंह ने बताया कि वे चंडीगढ़ से दिल्ली एयरपोर्ट के लिए जा रहे थे। रात्रि करीब 12 बजे पिपली फ्लाइओवर के नीचे पिपली चौक पर यात्री को बैठाने के लिए जैसे ही बस को रोका तो कुरुक्षेत्र की तरफ से आ रहे एक कैंटर ने बस के बीच में जोरदार टक्कर मार दी। जिस कारण बस पलट गई।

हादसे में करीब 8 यात्रियों को चोंटे लगी है। वही बस पलटने से बस के शीशे टूट गए। क्रेन की मदद से बस को उठाया गया। पुलिस ने बस में सवार यात्रियों को अन्य बस में बैठाकर गंतव्य की ओर रवाना किया। हादसे के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।



कुरुक्षेत्र में पलटी रोडवेज बस।

### बाल विवाह होने पर सरपंच होंगे निलंबित

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बाल विवाह रोकथाम को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में उपायुक्त डॉ दहिया ने स्पष्ट कहा कि जिले के किसी भी गांव में बाल विवाह पाए जाने पर उस गांव के सरपंच को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया जाएगा। डीसी डॉ. दहिया ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय मलिक को निर्देश दिए कि सभी आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम को बाल विवाह निषेध कानून की पूरी जानकारी देकर गांवों में जागरूकता कार्यक्रम चलाएं।

## ३० साल पुराने रास्ते को बंद करने का विरोध, ३ घंटे तक डटे रहे लोग

- रेलवे ने हादसे व चोरियां रोकने को बंद किया रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला कैंट में रेलवे कॉलोनी के बीच से चंद्रपुरी को जाने वाले 30 साल पुराने रास्ते को बंद करने को लेकर सोमवार विवाद खड़ा हे गया। रेलवे की तरफ से लगातार बढ़ रहे हादसों व चोरियों को ध्यान में रखते हुए इस अस्थाई रास्ते को बंद कर दिया गया था। पहले तो जेसीबी से खुदाई कर इस रास्ते पर मिट्टी के ढेर लगा दिए थे। जैसे ही रेलवे द्वारा मुख्य सड़क को उखाड़ा जाने लगा तो स्थानीय लोग विरोध में उतर आए।

वार्ड नंबर 22 के नपा सदस्य प्रमोद कुमार का कहना था कि यह रास्ता 30 साल पुराना है। इस बारे में लोगों ने मंत्री अनिल विज से मुलाकात करने तक रास्ते की खुदाई न करने की बात कही। करीब तीन घंटे तक यह विवाद चला। पुलिस भी मौके पर पहुंची। शाम तो छह बजे रेलवे की तरफ से महज दोपहिया वाहन की गुजारने की अनुमति दी गई। जबकि चौपहिया वाहनों पर इस रास्ते से गुजरने पर रोक लगा दी। दरअसल, यह रास्ता रेलवे की जमीन है।



पानीपत मार्किट कमेटी के अध्यक्ष अवतार शास्त्री बैठक में संबोधन करते हुए।

### अवैध कार्य करने पर दुकानें जब्त होंगी

**पानीपत।** पानीपत मार्किट कमेटी की चेयरमैन अवतार सिंह शास्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को मीटिंग हुइ। जिसमें 19 सदस्यों ने भाग लिया। वहीं, बैठक में निर्णय लिया गया कि नई अनाज मण्डी, नई सब्जी मंडी व सबयार्ड बाबरपुर में अलॉट की गई दुकानों को जिसमें अवैध कार्य किया जा रहा है को जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी। शास्त्री ने कहा कि नई सब्जी मंडल में से बिजली के खंबों को प्लॉट से बाहर निकाला जाएगा। नई अनाज व सब्जी के मेन गेट से लेकर जीटी रोड़ तक सौन्द्रकरण करने बार नगर निगम को एनओसी जारी कर दी है। वहीं तय हुआ कि मार्किट कमेटी की मीटिंग हर माह की जाएगी। बैठक में उपाध्यक्ष बलवान शर्मा, सचिव आशा रानी, अनिल कुमार, सदस्य राजकिशन सैनी, चन्छ माहूजा, नरेश त्यागी, पंजाब सिंह, चर्मबीर सिंह, नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## रिटायर्ड प्रिंसिपल से ट्रेडिंग के नाम पर २६.२४ लाख का फ्रॉड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

**लोन क्लीयरेंस, कन्वर्जन फीस, केवाईसी अपडेट, अकाउंट करेक्शन, डिक्लेरेशन फीस, सिक्योरिटी व स्टाम्प ड्यूटी के नाम पर पैसे हड़पे**

फेसबुक पर ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर हरियाणा शिक्षा विभाग से रिटायर्ड प्रिंसिपल सुरेंद्र पाल सिंह से 26.24 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। साइबर ठग ने विदेशी ट्रेडिंग वेबसाइट के नाम पर रुपये हड़पे। रुपये गंवाने के बाद जब पीड़ित ने रुपये निकलवाने चाहे तो धोखाधड़ी का पता चला। साइबर थाना पुलिस ने सुरेंद्र पाल सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 15 सितंबर को फेसबुक पर ट्रेडिंग का विज्ञापन देखकर उसने रजिस्ट्रेशन किया। व्हाट्सएप व ईमेल के माध्यम से स्वयं को ट्रेडिंग एजेंट बताने वाले ठगों ने रोजाना मुनाफे का झांसा दिया। पीड़ित से कई बार लोन क्लीयरेंस, कन्वर्जन फीस, केवाईसी अपडेट, अकाउंट करेक्शन, डिक्लेरेशन फीस, सिक्योरिटी डिपॉजिट व स्टाम्प ड्यूटी के नाम पर अलग-अलग खातों में रुपया जमा करवाया गया, उन्हें झांसा दिया था कि 13 हजार रुपये से शुरू करने पर रोजाना 700 से एक हजार रुपये तक कमा सकते हैं। इस तरह से जितने ज्यादा रुपये लगाओगे तो उतने रुपये कमाओगे। इसी झांसे में आकर रुपये लगाने शुरू कर दिए थे। 26.24 लाख रुपये देने के बाद जब ठग दबाव बनाने लगे तो धोखाधड़ी का पता चला। रुपये मांगे तो वह भी नहीं दिए। इस संबंध में पहले 26 नवंबर को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

# साइबर ठगों ने पीएनबी बैंक कर्मी बनकर ठगे 1.29 लाख रुपये

- पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

साइबर ठगों ने जगाधरी वर्कशॉप विष्णु नगर निवासी बृजमोहन के मोबाइल पर पीएनबी बैंक कर्मचारी बनाकर एपीके फाइल डाउनलोड करवा कर उसके अकाउंट से एक लाख 29 हजार रुपए निकाल लिए। जब बृजमोहन को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जगाधरी वर्कशॉप विष्णु नगर निवासी बृजमोहन ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 31 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को पीएनबी बैंक का कर्मचारी बताया। इस दौरान आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया। इसके बाद आरोपी ने उसके पास पीएनबी वन एपीके फाइल भेजी। आरोपी ने उसे फाइल डाउनलोड करने के लिए बोला। जब उसने फाइल डाउनलोड की तो उसका मोबाइल हैंग हो गया।

इसके बाद उसके अकाउंट से अलग- अलग करके एक लाख 29 हजार रुपए कट गए। जब काफी देर बाद उसका मोबाइल ऑन हुआ तो उसके मोबाइल पर अकाउंट से पैसे निकालने का मैसेज आया। मैसेज देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने तुरंत बैंक में जाकर अपना अकाउंट बंद करवाया और मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 98 हजार का चूना

**टेलीग्राम ग्रुप में टास्क देने के नाम पर महिला को झांसे में लिया**

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने टेलीग्राम पर वर्क फ्रॉम होम व टास्क पूरा करने के नाम पर गांव पृथ्वीपुर निवासी रीटा देवी से 98 हजार रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव पृथ्वीपुर निवासी रीटा देवी ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात सितंबर को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह एक टेलीग्राम ऐप ग्रुप से जुड़ गई। जहां पर वर्क फ्रॉम होम के संबंध में बातचीत चल रही थी। इसके बाद आरोपियों ने उससे बात करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे वर्क फ्रॉम होम करके अधिक पैसा कमाने का लालच दिया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके वर्क फ्रॉम होम करने की बात कही। इसके बाद आरोपियों ने उसे टास्क देने शुरू कर दिए। आरोपियों ने टास्क के नाम पर उसे 98 हजार सात सौ जमा करवा लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए। जब उसने आरोपियों से पैसे मांगे तो आरोपियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। बाद में आरोपियों ने उसे ग्रुप से एग्जिट कर दिया। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**राहत** | असंध शुगर मिल के 18वें पिराई सत्र का शुभारंभ

सहकारिता मंत्री ने किसानों के लिए किए बड़े ऐलान

# सबसे अधिक गन्ना बिजाई करने वाले किसानों को 'ब्रांड एंबेसडर' किया जाएगा घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ असंध/करनाल

हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' संकल्प को पूरा करने में हरियाणा का हर किसान, हर सहकारी संस्था और हर चीनी मिल महत्वपूर्ण योगदान देगी। असंध शुगर मिल के 18वें पिराई सत्र 2025–26 के वर्चुअल शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र किसानों की आर्थिक रीढ़ है और प्रदेश सरकार इसे और मजबूत करने के लिए निरंतर काम कर रही है। डॉ. शर्मा ने बताया कि हरियाणा में गन्ना किसानों के लिए अगेती किस्म का भाव 415 रुपये प्रति क्विंटल और पछेती किस्म का 408 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। बीते पिराई सीजन में प्रदेशभर के किसानों को कुल 1211 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जिसमें से अकेले असंध क्षेत्र के किसानों को 68 करोड़ रुपये जारी हुए। उन्होंने घोषणा की कि किसानों को सब्सिडी पर आधुनिक हार्वेस्टिंग मशीनें उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त ड्रिप और फव्वारा सिंचाई अपनाने वाले किसानों को प्रति एकड़ 95% सहायता सरकार और हैफेड द्वारा वहन की जाएगी, जो लगभग 60,000 रुपये प्रति एकड़ बनती है। किसान को केवल 5% राशि वहन करनी होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सबसे अधिक गन्ना बिजाई करने वाले किसानों को 'ब्रांड एंबेसडर' घोषित करने पर कार्य किया जाए।

कार्यक्रम में विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि असंध क्षेत्र में गन्ने का रकबा लगातार बढ़ रहा है और गन्ना भुगतान का कोई बकाया नहीं है। उन्होंने बताया कि मिल द्वारा किसानों के लिए 2.09 करोड़ रुपये ब्याज-मुक्त ऋण और 38.13 लाख रुपये अनुदान के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हैफेड प्रबंध निदेशक मुकुल कुमार ने बताया कि असंध चीनी मिल पूरे प्रदेश में सबसे पहले 72 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित कर रही है। मिल परिसर में कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए तौल कांटों को पूरी तरह स्वचालित किया गया है, ट्रैक्टर ट्रॉलियों की एंट्री व मूवमेंट सीसीटीवी निगरानी में है और किसानों को 'गन्ना किसान मोबाइल ऐप' के माध्यम से सर्वे, पर्ची और भुगतान से संबंधित सभी जानकारी भेजी जाती है।

मंच से किसान विकास दुहन (फफड़ाना), जसमेर (फफड़ाना), धर्मबीर सिंह (आदियाना) और बिजेंद्र (सालवन) को क्रमशः प्रथम गन्ना आपूर्ति, सर्वाधिक क्षेत्र बिजाई और जैविक विधि से बिजाई के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरपर्सन सुनीता रानी, डीजीएम राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष हिमांशु छाबड़ा, अमित राणा, बृजलाल टक्कर, अमरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



असंध शुगर मिल में किसानों को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर ओवर ब्रिज के पास बीती रात ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे निशाख्त के लिए शव गृह में रखवा दिया। पुलिस शव की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

जीआरपी थाने में तैनात नवीन कुमार ने बताया कि जीआरपी थाने में रात करीब 11 बजे स्टेशन मास्टर से सूचना प्राप्त हुई थी कि रेलवे स्टेशन से सहारनपुर साइड चलकर ओवरब्रिज से पहले एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना के आधार पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि रेलवे ट्रैक के बीच में एक युवक की क्षत विक्षत लाश पड़ी है। जिसका हाथ, बाजू व टांग कट हुए थे और सिर में भी काफी चोट आई हुई थी। व्यक्ति की शिनाख्त के लिए उसके कपड़ों की तलाशी ली गई लेकिन कोई दस्तावेज नहीं मिला।

शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की गई मगर उसकी पहचान नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि युवक की आयु करीब 35 वर्ष है। उसके शरीर पर किसी प्रकार का टैटू भी नहीं है। मृतक ने नीले रंग की जिंस और शर्ट डाली हुई थी। उन्होंने शव का कब्जे में लेकर 72 घंटे के लिए सुरक्षित सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### सौ कुंडीय हवन यज्ञ करके युवाओं को दिया नशामुक्ति का संदेश

**यमुनानगर।** टीडीटीआर डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी के तत्वावधान में नशामुक्त युवा अभियान के तहत शहर के दशहरा ग्राउंड में सौ कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन कर युवाओं को नशामुक्त जीवन जीने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीएवी संस्थाओं के अध्यक्ष एवं आर्यरत्न एवं पद्यमश्री पुरस्कृत डॉ. पूनम सूरी व आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टीडीटीआर डीएवी इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ. हिमांशु शेखर ने की।

### कुरुक्षेत्र के 6 मार्केट कमेटी सचिव चार्जशीट

**कुरुक्षेत्र।** जिले में धान घोटाले के आरोप में 6 मार्केट कमेटी के सचिव को चार्ज शीट किया है। इनमें थानेसर मार्केट कमेटी के सचिव हरजीत सिंह, पिहोवा कमेटी के सचिव बलवान सिंह, शाहाबाद कमेटी के सचिव कृष्ण मलिक, पिपली कमेटी के सचिव गुरमीत सिंह, इस्माइलाबाद कमेटी के चंद्र सिंह और लाडवा के संत कुमार शामिल हैं। इन सचिव पर मल्टीपल आईपी एड्रेस से गेट पास जारी करने के आरोप है। इस्माइलाबाद अनाज मंडी कमेटी के सचिव रहे चंद्र सिंह ने माना कि आईपी एड्रेस को लेकर कार्रवाई की गई है।

### घर-घर स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम आयोजित

**करनाल।** बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में "घर-घर स्वदेशी–आत्मनिर्भर भारत" कार्यक्रम अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के अध्यक्ष सतीश कुमार चावला एवं पंजाब नेशनल बैंक के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक ने विद्यार्थियों को बताया कि स्वदेशी से न केवल राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि स्थानीय उत्पादन और उद्यमिता भी बढ़ती है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी आंदोलन के ऐतिहासिक और समकालीन महत्व पर प्रकाश डाला। स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश पुरी ने स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई।

# विकास कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान : घनश्याम

### स्टार्म वाटर के बनने से ससौली मार्ग पर होने वाले जलभराव की समस्या से लोगों को मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। यमुनानगर के ससौली मार्ग पर स्टार्म वाटर का शिलान्यास व उद्घाटन करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी।

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के वार्ड नंबर 20 के ससौली रोड पर अब बारिश से होने वाले जलभराव की समस्या से लोगों को छुटकारा मिलेगा। इस समस्या के समाधान के लिए सोमवार को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी ने 52.45 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्टॉर्म वाटर लाइन का शिलान्यास किया। मौके पर नारियल फोड़कर स्टार्म वाटर लाइन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद विक्रम राणा भी मौजूद रहे।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ हर क्षेत्र में समान रूप से विकास करवा रही है। शहर में पानी निकासी को नालियां, पक्की सड़कें, पक्की गलियों, सीवरेज सिस्टम, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, भूमिगत पाइप लाइन, सुंदर पार्क, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक केंद्र, धर्मशाला व अन्य विकास कार्य करवाएं गए हैं। केंद्र, राज्य और नगर निगम की सरकार समन्वय के साथ काम कर रही हैं। जिससे शहर का सर्वांगीण विकास संभव हो सके। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने संबंधित अधिकारियों को स्टार्म वाटर के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने व निर्माण कार्य को निर्धारित समय अवधि में विकास कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टार्म वाटर के बनने से ससौली रोड पर जलभराव नहीं होगा। साथ ही क्षेत्र के विकास एवं वर्षा जल निकासी प्रणाली सुदृढ़ होगी।

#### निगम के हर वार्ड में करोड़ों के विकास कार्य करवाए

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हर वार्ड में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं और करोड़ों रुपये के विकास शुरू किए हुए हैं। हमारा उद्देश्य नगर निगम क्षेत्र के हर नागरिक को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना, स्वच्छ, साफ व सुंदर शहर बनाना है। मानसून सीजन में बारिश होने पर अनेक स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी थी। दोबारा बारिश होने पर जलभराव की ऐसी न होए इसलिए ऐसे स्थानों पर स्टॉर्म वाटर लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने नगर निगम द्वारा नगर निगम क्षेत्र की हर नियमित कॉलोनी की प्रत्येक कच्ची व क्षतिग्रस्त गलियों का निर्माण कराया जा रहा है। उनमें पानी निकासी का इंतजाम कराकर हर व्यक्ति की राह को सुगम बनाई जा रही है। निगम क्षेत्र में जनहित में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे है। जो भी समस्या उनके समक्ष आती हैए उसका समाधान प्राथमिकता से कराया जा रहा है। उन्होंने शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि जिन क्षेत्रों में विकास कार्य शुरू करवाए गए है। वहां की जनता इन कार्यों को करवाने में सहयोग करें। विकास कार्यों में कहीं भी गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर निगम अभियंता सुरेंद्र दहिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम राणा व अमरजीत सिंह लाड़ी आदि मौजूद रहें।

### नागरिक अस्पतालों में दिन भर सुचारू रही स्वास्थ्य सेवाएं

# यमुनानगर में बेअसर रही चिकित्सकों की हड़ताल

### सीएमओ डॉ. जितेंद्र सिंह ने हड़ताल में मरीजों को परेशानी नहीं आने देने का जताया दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। यमुनानगर के जिला नागरिक अस्पताल में ओपीडी में जांच करवाते हुए मरीज।

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आहवान पर सोमवार को जिले में नागरिक अस्पतालों के चिकित्सकों ने दिन भर हड़ताल रखी। हालांकि इस दौरान जिला सिविल सर्जन द्वारा बाहर से अतिरिक्त चिकित्सक बुलाए जाने की वजह से स्वास्थ्य सेवाओं पर कोई असर नहीं दिखाई दिया और ओपीडी समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रुप से जारी रही।

सोमवार को जिले के नागरिक अस्पतालों के 94 चिकित्सकों में से 66 चिकित्सक अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। उन्होंने छुट्टी के लिए आवेदन किया हुआ था। मगर इसके बावजूद नागरिक अस्पतालों में ओपीडी, इमरजेंसी, आपरेशन व पोस्टमार्टम सेवाएं सुचारू रुप से जारी रही। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र द्वारा छुट्टी के लिए आवेदन करने वाले चिकित्सकों की सीएल को रद्द करकने उनकी रिपोर्ट बनाकर कार्रवाई के लिए मुख्यालय में भेज दिया गया। इस दौरान मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो के लिए सीएमओ डॉ. जितेंद्र द्वारा 26 डॉक्टर बाहर से बुलाए गए। जिनमें से 18 मेडिकल कॉलेज मुलाना और 7 चिक्तिसक ईएसआई से बुलाए गए। सभी डॉक्टरों ने सुबह ही ओपीडी में जाकर कुर्सी संभाल ली। मरीजों को थोड़ी देर तो परेशानी उठानी पड़ी। मगर कुछ देर के बाद सभी स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रुप से शुरु हो गई।

#### मांगे पूरी नहीं हुई तो करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ. पुनीत कालड़ा ने कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो चिकित्सक 10 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

#### नहीं हुई मरीजों को परेशानी

सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि हड़ताल के बावजूद जिले में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रुप से जारी रही हैं। मरीजों को असुविधा न हो इसके लिए आयुष डॉक्टरों की जहां अतिरिक्त ड्यूटियां लगाई गई हैं। वहीं, अन्य चिकित्सों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है। जिन्होंने अपनी सेवाएं दी हैं।

# समाज के सभी लोग करें लोक भलाई के काम : मास्टर सतपाल

- कांबोज समाज द्वारा रादौर में आयोजित की समाज के सदस्यों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। यमुनानगर के रादौर की कांबोज धर्मशाला में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए कांबोज समाज के लोग।

कांबोज समाज द्वारा सोमवार को शहर की रादौर की कांबोज धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गुरूकुल कुरूक्षेत्र के वाइस चेयरमैन मास्टर सतपाल कांबोज ने की। मास्टर सतपाल कांबोज ने कहा कि भाजपा पार्टी ने कांबोज बिरादरी का हमेशा से ही मान सम्मान किया है। भाजपा पार्टी ने कांबोज बिरादरी के लोगों को मंत्री पद तक दिया है। बिरादरी से अच्छे लोगों को राजनीति में आगे आना चाहिए। जिससे वे क्षेत्र व बिरादरी के लोगों के काम आ सकें। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में कार्यरत बिरादरी के लोग भी अपना अहंकार त्यागकर जनता के कार्यों को करने का काम करे। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि राजनीति में सक्रिय समाज के लोग अपनी मर्यादा का ख्याल रखकर ही कार्य करें। आखिर रहना तो उनको समाज में ही है। यदि किसी को राजनीति मे बड़ा पद मिलता है तो वे समाज के लोगों को तव्वजो जरूर दें। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्लानिंग अधिकारी रणधीर कांबोज, सरपंच प्रतिनिधि सुशील कुमार, मायाराम, सतीश कुमार व दर्शनलाल आदि मौजूद रहे।

### दो चचेरे भाइयों पर डंडे व लोहे के पलटे से हमला

**यमुनानगर।** गांव पीरभोली में कहासुनी होने पर दो भाइयों ने गांव के ही अनिल कुमार व उसके चचेरे भाई नीरज कुमार पर डंडों व लोहे के पलटे से हमला कर जान से मारने का प्रयास किया। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी दोनों भाइयों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### राशन डिपो बंद होने से बेहद परेशानी झेल रहे उपभोक्ता

**रादौर।** रादौर में दस राशन डिपो में से आठ बंद पड़े होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना करना पड़ रहा है। कस्बावासियों ने प्रदेश सरकार से रादौर में बंद पड़े राशन डिपुओं को तुरंत शुरु करवाए जाने की मांग की है। कस्बा निवासी रामकुमार, सुरेश, सुंदरलाल, कुलदीप, राकेश, सरोज, प्रवीण व संदीप आदि ने बताया कि कुछ वर्ष पहले तक रादौर में उपभोक्ताओं के लिए दस राशन डिपो थे। मगर इसके बाद आठ डिपो बंद हो गए। अब कस्बा में केवल दो राशन डिपो सुचारू रुप से काम कर रहे हैं। मगर हजारों उपभोक्ताओं को इन दो राशन डिपुओं पर राशन लेने के लिए लंबी लंबी कतारें लगानी पड़ती हैं। जिससे डिपुओं पर लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के गांवो में भी डिपो होल्डरों की भारी कमी है। गांव में डिपो होल्डर न होने के कारण गांव के लोगों को राशन लेने के लिए दूसरे गांवो में जाना पड़ता है। जिस कारण उनके समय व पैसे की बर्बादी होती है। उनकी मांग है कि सरकार जल्द से जल्द नए डिपो खोलने का काम करे। जिससे लोगों को राशन लेने में परेशानी न हो।

# समाधान शिविर में आई 13 शिकायतें ज्यादातर का मौके पर ही समाधान

- जिला प्रशासन द्वारा जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। यमुनानगर के जिला सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीआरओ तरुण सहोता।

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में आई शिकायतों का निपटान किया गया। इस दौरान शिविर में डीआरओ तरुण सहोता ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका सममाधान किया। डीआरओ तरुण सहोता ने बताया कि सोमवार को को समाधान शिविर में 13 शिकायतें आई हैं। इनमें ज्यादातर का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। जिनमें गुगलो निवासी पंकज कुमार ने परिवार पहचान पत्र में आय ठीक करवाने बारे, यमुनानगर निवासी सोनू ने परिवार पहचान पत्र में त्रुटि ठीक करवाने बारे, शिवपुरी निवासी कपिल शर्मा ने प्रॉपर्टी आईडी की जांच करने बारे, खेड़ा फार्म निवासी शकुंतला ने परिवार पहचान पत्र में नाम ठीक करवाने बारे, रादौर निवासी सीमा रानी ने पैंशन व राशन कार्ड की जांच करने बारे, टोपरा खुर्द निवासी दर्शनी देवी ने परिवार पहचान पत्र से प्रॉपर्टी आईडी हटवाने बारे, गढी सिकंदरा निवासी रेखा ने परिवार पहचान पत्र में आय ठीक करवाने बारे, गोविंद पुरी निवासी बबीता ने राशन कार्ड कट जाने बारे, झंझेड़ा के समस्त ग्राम निवासियों ने अवैध कब्जा हटवाने बारे, वार्ड नम्बर.8 निवासी सुशील ने वार्ड नंबर 8 की सड़क के दोनों तरफ अवैध कब्जा हटवाने बारे समस्या रखी।



### बाबा साहेब ने सर्व समाज के उत्थान के लिए किया था संघर्ष : सतपाल

**यमुनानगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस उपलक्ष में माडल टाउन में सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रुप में ब्रह्म ज्ञान आश्रम संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर डेरा कपाल मोचन के संत फकीर चंद मौजूद रहे। मौके पर संत फकीर चंद को सिरोपा व फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर अतिथियों व गणमान्य ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। आयुष विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक डॉ. सतपाल बहमनी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने वंचित वर्ग के लिए लड़ाई लड़ी। वंचित वर्ग के उत्थान में डॉ. अंबेडकर का अहम योगदान रहा है। बाबा साहेब ने सर्व समाज के लिए संघर्ष किया। सभी को मान सम्मान दिलाने का कार्य किया। उन्होंने संदेश दिया था कि एक रोटी कम खाना। लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाना। इसी से समाज का कल्याण और उत्थान होगा। इसलिए हमने उनके आदर्शों की पालना करते हुए अपने बच्चों को अधिक से अधिक पढ़ाना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब लोकतांत्रिक भारत के सबसे प्रभावशाली शख्सियतों में से एक हैं। बाबासाहेब के नाम से लोकप्रिय डा. अंबेडकर एक न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। मौके पर विशिष्ठ अतिथि संत फकीर चंद ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर ने अछूतों के प्रति सामाजिक भेदभाव के खिलाफ और निचली जातियों के उत्थान के लिए काफी संघर्ष किया था।

# प्रतियोगिताएं छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा व सृजनात्मक दृष्टिकोण को देती हैं जन्म

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में चित्रकला (केमल आर्ट) प्रतियोगिता में बोले चेयरमैन जीएस शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल (चांदपुर) यमुनानगर में सोमवार को कैमलिन इंडया के सहयोग से राष्ट्रस्तरीय चित्रकला(केमल आर्ट) प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें यूकेजी कक्षा से लेकर नौंवी तक के विद्यार्थियों ने चित्रकला में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा व प्रधानाचार्या डॉ. बिंदू शर्मा ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

प्रधानाचार्या डॉ. बिंदू शर्मा ने बताया कि चित्रकाल प्रतियोगिता आयोजित करने का मुख्य उदेश्य बच्चों की कला, कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति क्षमता को बढ़ावा देना रहा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को पांच समूहों में बांटा गया। जिनमें प्रत्येक को अलग अलग विषय प्रदान किए गए। इस दौरान प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने तीन शीट, क्रेयान, ऑयल पेस्टल, पोस्टर रंग, वाटर कलर आदि का प्रयोग करते हुए सुंदर सुंदर आकृतियां बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की कृतियां न केवल कलात्मक दृष्टि से उत्कृष्ट रही। बल्कि उनमें संवेदनशीलता, अनुभव और विषय की गहरी समझ भी दिखाई दी। कुछ आकृतियों ने समाज, संस्कृति और परिवेश का संदेश दिया। तो कुछ में विद्यालय जीवन की रुचिकर झलक देखने को मिली। प्रधानाचार्या डॉ. बिंदू शर्मा ने कहा कि कला बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है।

**निर्देश** | कार्यस्थल को स्वच्छ रखना हमारी है नैतिक जिम्मेवारी:-प्रीति

# उपायुक्त ने जिला सचिवालय में स्थित सभी कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

### निरीक्षण के दौरान उपायुक्त प्रीति ने विभागों के अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। यमुनानगर के जिला सचिवालय स्थित विभागों को कार्यालयों में औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति।

स्वच्छता अभियान को लेकर सोमवार को जिला सचिवालय स्थित सभी विभागों के कार्यालयों में उपायुक्त प्रीति ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी विभागीय कार्यालयों में साफ सफाई समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अलमारियों को समायोजित करने के निर्देश दिए, तारों के समुचित समायोजन आदि समेत व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। मौके पर नगराधीश पीयूष गुप्ता भी मौजूद रहे।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि कार्यस्थल को स्वच्छ रखना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। उन्होंने अनावश्यक तारों एवं सामान को हटवाने अथवा स्टीकर लगवाने, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था, शौचालयों की स्वच्छता और साफ. सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को समय समय पर पानी की टंकियों की सफाई करने, अपने कार्यालय की साफ. सफाई करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रीतिन ने कहा कि कार्य स्थल हमारा घर भी है। इसे स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है।

#### अधिकारियों व कर्मचारियों से बात की

सचिवालय के अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत की एवं उनके कामकाज का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वाटर कूलर, फिल्टरको साफ रखें एवं संबंधित विभाग सचिवालय परिसर में स्थित अपने कार्यालय को साफ. सुथरा रखने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। उपायुक्त प्रीति ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एसडीओ को निर्देश दिए कि जिला सचिवालय परिसर की मेंटेनेंस 15 दिन के अंदर करवाना सुनिश्चित करें। जिससे जिला सचिवालय में आने वाले लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए। मौके पर जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ,डीआईओ विनय गुलाटी, डीआरओ तरुण सहोता व डीसी के पीए आनंद सब्बरवाल आदि मौजूद रहे।




यमुनानगर। यमुनानगर के गांव चमरौड़ी में बीज व बिजली विधेयक बिलों के विरोध में प्रदर्शन करते सभा के सदस्य।

### अभाकिएस ने बीज विधेयक व बिजली विधेयक के विरोध में किया प्रदर्शन

**रादौर।** अखिल भारतीय किसान सभा के खंड सदस्यों ने बीज व बिजली विधेयकों 2025 के विरोध में सोमवार को गांव चमरौड़ी व बैंडी में प्रदर्शन कर रोष जताया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और इन दोनों विधेयकों को रद्ध किए जाने की मांग की। सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा खंड इकाई रादौर के सैंकड़ो सदस्य सभा के जिला सचिव महिपाल के नेतृत्व में गांव चमरौड़ी में पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान सभा के सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद किसानों ने गांव बैंडी में जाकर प्रदर्शन किया। मौके पर जिला सचिव महीपाल ने बताया कि इन विधेयकों का उद्देश्य है कि बिजली का पूर्ण रूप से निजीकरण कर दिया जाए। स्मार्ट मीटर लगा कर निजी कम्पनियों को लोगों की लूट करने की छूट मिल जाए। इसी प्रकार बीज विधेयक का भी यही मकसद है कि बीज बनाने में भी देशी विदेशी कम्पनियों का आधिपत्य हो जाए। किसान लोगों को लूटने का अधिकार निजी कम्पनियों को हासिल हो जाए। राष्ट्रीय व राज्य बीज कम्पनियों को बौना बनाकर छोड़ दिया जाए।

खबर संक्षेप



### सहजयोग ध्यान केंद्र में मनाया वार्षिक दिवस

**कुरुक्षेत्र।** परम पूज्य माताजी श्रीनिर्मला देवी द्वारा संचालित सहजयोग ध्यान केंद्र शाखा कुरुक्षेत्र में वार्षिक दिवस हर्षोल्लाह से मनाया गया। कुरुक्षेत्र के कोऑर्डिनेटर आशुतोष गौड ने बताया कि 32 वर्ष पूर्व 8 दिसंबर 1993 को परम पूज्य माताजी श्रीनिर्मला देवी का कुरुक्षेत्र में आगमन हुआ था और एक विशाल जन कार्यक्रम को संबोधित कर कुरुक्षेत्र की जनता को कुंडलिनी जागरण व आत्म साक्षात्कार का अनुभव करवाया था। इस दिवस को कुरुक्षेत्र ध्यान केंद्र के साधक यादगार दिवस के रूप में हर साल हर्षोल्लास से मनाते आ रहे हैं। इस दिन भी एक विशाल भजन एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन कुरुक्षेत्र मॉडल पब्लिक स्कूल में किया गया। जहां पर विश्व विख्यात भजन गायक दीपक वर्मा ने आकर भजनों से साधकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर नजदीक के शहरों करनाल, अंबाला, यमुनानगर, लाडवा, इंद्री, पोंटा साहिब व अन्य शहरों से आए साधकों ने भी इस ध्यान एवं भजन कार्यक्रम का आनंद लिया।

## श्री शिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव का शुभारंभ

# श्रद्धालुओं ने किया सांई रथ का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ›› कुरुक्षेत्र

समस्त सांई परिवार कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में सोमवार को श्री शिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव का शुभारंभ हुआ। जानकारी देते हुए आयोजन पदाधिकारी मेहर सिंह मलिक और डॉ.विजय शर्मा ने बताया कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में पहली बार श्री शिरडी सांई बाबा की 110 वर्ष पुरानी चरण पादुका पहुंची हैं। सांई बाबा के हजारों भक्तों ने बाबा की चरण पादुकाओं का दर्शन किया। धर्मनगरी में सांई रथ के प्रवेश करते ही बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने सांई रथ पर फूल बरसाए। सांई रथ से बाबा की पवित्र पादुकाएं खुले वाहन में रखकर शोभायात्रा के रूप में आयोजन स्थल होटल सैफरॉन तक लाई गई। सांई रथ के आगे और पीछे विशेष वाहनों ने निगरानी रखी। शोभायात्रा में शिरडी से आए शिरडी संस्थान ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोरक्ष गाडिलकर (आई.ए.एस.), जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अहिल्यानगर अध्यक्षा अंजू शेंडे, अहिल्यानगर के कलेक्टर डॉ.पंकज आशिया का समस्त सांई परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा स्वागत किया गया।

**सांई रथ के धर्मनगरी में प्रवेश करते ही भक्तों ने फूल बरसाए, पादुकाएं खुले वाहन में शोभायात्रा के रूप में होटल सैफरॉन तक लाई गईं**




कुरुक्षेत्र। सांई रथ के आगे नाचते भक्तजन।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रामशरण, गगनदीप ढींगरा, कमल अरोड़ा, अनिल बजाज, विजय बजाज, राकेश मित्तल, गौरव गर्ग, केवल कृष्ण छाबड़ा, डी.आर.गुप्ता, यश अरोड़ा, परमिंदर मनचंदा, कुलभूषण मुंजाल, आशीष सभ्रवाल, नरेंद्र शर्मा, धीरज गुलाटी, मनोज शर्मा, सन्नी मुंजाल, प्रदीप अरोड़ा, रमन बंसल, तरुण ढींगरा, ललित चुटानी, राकेश आहुजा, वाई.पी.शर्मा, प्रवीण टुटेजा, सुमित गोयल, अजय शर्मा, प्रवीण ग्रोवर, नवीन शर्मा, सुनीता शर्मा, नीना गुप्ता, कल्पना शर्मा, रेणु मिगलानी और सुनीता कामरा सहित पिपली, पिहोवा, शाहबाद, लाडवा, कैथल, अंबाला, करनाल, यमुनानगर, पानीपत व अन्य शहरों से सांई भक्त शामिल रहे।

## व्यक्ति इस संसार से केवल अपना कर्म लेकर जाता : अनिल शास्त्री



कुरुक्षेत्र। कथा सुनाते कथावाचक अनिल शास्त्री।

**थानेसर।** श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति सेवा के तत्वावधान में खेड़ी राम नगर में शुरू हुई संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस पर संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि संसार में भगवान कृष्ण ही सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं। भगवान के चरणों में जितना समय बीत जाए उतना अच्छा है। इस संसार में एक-एक पल बहुत कीमती है। जो बीत गया सो बीत गया। इसलिए जीवन को व्यर्थ में बर्बाद नहीं करना चाहिए। भगवान द्वारा प्रदान किए गए जीवन को भगवान के साथ और भगवान के सत्संग में ही व्यतीत करना चाहिए। कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि भागवत प्रश्न से प्रारंभ होती है और पहला ही प्रश्न है कि कलयुग के प्राणी का कल्याण कैसे होगा। इसमें सतयुग, त्रेता और द्वापर युग की चर्चा ही नहीं की गई है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि बार-बार यही चर्चा क्यों की जाती है, अन्य किसी की क्यों नहीं। इसके कई कारण हैं जैसे अल्प आयु, भाग्यहीन और रोगी। इसलिए इस संसार में जो भगवान का भजन न कर सके, वह सबसे बड़ा भाग्यहीन है। इस अवसर पर आचार्य रंगनाथ शास्त्री, आचार्य रंगनाथ शास्त्री, चौधरी पूरण चंद बतान, सुदेश देवी, एडवोकेट सुशील कुमार, सरपंच सुनीता देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी, चौधरी फतेह सिंह, एडवोकेट रणधीर सिंह, रमेश बतान, सुरेश मित्तल , एवं अन्य उपस्थित रहें।

# पिहोवा सरस्वती तट पर आरती स्थल निर्माण की नींव रखी

**2026 सरस्वती महोत्सव से पहले होगा तैयार**



हरिभूमि न्यूज ›› पिहोवा

हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उप चेयरमैन धुमन सिंह किरमिच ने कहा कि सरस्वती के जीर्णोद्घार की नींव रखने से लेकर अब तक लगातार माँ सरस्वती की सेवा में हरियाणा सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उपमंडल पिहोवा के पवित्र सरस्वती तट पर माँ सरस्वती की आरती के लिए एक आरती स्थल तैयार किया जाएगा, जिसकी सोमवार को नींव रखी गई है। हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उप चेयरमैन धुमन सिंह किरमिच ने कहा कि पिहोवा के पवित्र सरस्वती तट पर आरती स्थल का निर्माण किया जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्दूीय सरस्वती महोत्सव 2026 से पहले तैयार कर लिया जाएगा। सरस्वती तट पर निर्मित आरती स्थल पर महोत्सवों के अतिरिक्त प्रतिदिन आरती की जाएगी। वीआईपी लोगों सहित आमजन प्रत्येक दिन आरती में हिस्सा लेंगे और माँ सरस्वती की वंदना करेंगे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह ने दी बधाई

धुमन सिंह ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने आदिबद्री में सरस्वती महोत्सव के दौरान घोषणा की थी कि आदिबद्री तथा पिहोवा के पवित्र स्थानों पर आरती स्थल का निर्माण किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी ने सरस्वती तीर्थ पर आरती स्थल के उदघाटन की आमजन को बधाई दी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने कहा कि लम्बे समय से पिहोवा सरस्वती तट पर आरती स्थल बनाने के विषय को संज्ञान में लाया गया था। इस मौके पर जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर, सिंचाई विभाग सुप्रीडेंट इंजीनियर अरविंद कौशिक, सिंचाई विभाग एक्सिएन नवतेज सिंह सैनी, रामधारी शर्मा, हरविंद्र सिंह, राकेश पुरोहित, गोपाल शर्मा, भाजपा कार्यकर्ता सुखबीर सैनी सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

*सफाई निरीक्षक व टीम को जरूरी प्रबंध करने के निर्देश दिए*

# नगर परिषद के सचिव ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ›› कुरुक्षेत्र

ठंड के मौसम में रात के समय ठहरने के लिए नगर परिषद के द्वारा बनाए गए रैन बसेरों की सचिव द्वारा चेकिंग की और सफाई निरीक्षक व टीम को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। सचिव अरविंद कुमार ने बताया कि जैसे सभी को पता है कि अब ठंड का मौसम शुरू हो चुका है और कई लोग जिनके पास रात को ठहरने के लिए मकान या घर नहीं होते या फिर कई बार लोगों को मजबूरी में ठहरना पड जाता है तो ऐसे लोगों के लिए नगर परिषद की तरफ से रैन बसेरे बनाए गए हैं। इनमें लोगों को बैड, गददे, रजाई, पीने का पानी, शौचालय, साफ-सफाई व लाइटिंग की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रात को ठहरने वाले लोग यहां अपना आधार कार्ड व अन्य आईडी दिखाकर यहां रात्रि निवास कर सकते हैं। उन्होंने रैन बसेरों में आए लोगों की रजिस्टर में हाजिरी चैक की, जिसमें नाम, पता और आधार कार्ड को अंकित किया गया था। उन्होंने बताया कि यहां एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है।



कुरुक्षेत्र। रजिस्टर में हाजिरी चैक करते नगर परिषद के सचिव अरविंद कुमार।

सचिव अरविंद कुमार ने बताया कि सोमवार को मोहन नगर रेलवे पुल के नीचे, सन्निहित सरोवर पर लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने व ब्रह्मसरोवर स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के सामने रैन बसेरो को चैक किया गया। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार, सुपरवाईजर अनूप सिंह, राजेश कुमार, राजन, सफाई दरोगा सुरेश, राकेश, किशोरी व शक्ति आदि मौजूद रहे।

# अनुभव मेहता ने एसडीएम लाडवा पद का कार्यभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ›› लाडवा

उपमंडल अधिकारी नागरिक अनुभव मेहता ने एसडीएम लाडवा पद का कार्यभार सोमवार को संभाल लिया है। अनुभव मेहता के पास एसडीएम लाडवा के साथ-साथ कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल के संयुक्त निदेशक का कार्यभार भी रहेगा। कार्यभार संभालने के बाद एसडीएम अनुभव मेहता ने अधिकारियों से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि लाडवा में आमजन की समस्याओं का हल करना प्राथमिकता रहेगी। उपमंडल



जानकारी देते एसडीएम अनुभव मेहता।

के सभी अधिकारियों को भी जन समस्याओं का हल करने में अग्रणी रखा जाएगा। कोई भी नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर किसी भी समय उन्हें कार्यालय में आकर मिल सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन एसडीएम कार्यालय में किया जा रहा हैं। इन समाधान शिविरों में भी नागरिक अपनी समस्याएं रख सकते हैं।

*17 जिलों से 143 जूनियर व 29 काउंसलर्स ले रहे भाग*

# पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ›› कुरुक्षेत्र

भारतीय रैडक्रास समिति, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा 11 दिसंबर तक गीता ज्ञान संस्थानम में पांच दिवसीय जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें हरियाणा के 17 जिलों अम्बाला, चरखी दादरी, भिवानी गुरुग्राम,जीन्द, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, नूंह, पलवल, रेवाडी, सोनीपत, पंचकूला, सिरसा, यमुनानगर, पानीपत और फतेहाबाद से 143 जूनियर्स व 29 काउंसलर्स भाग ले रहें है। शिविर का विधिवत उदघाट्न मुख्य अतिथि गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज और डा. सुनील कुमार, राज्य महासचिव, भारतीय रैडक्रास सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ के द्वारा किया गया। स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि अच्छे और बुरे के प्रति विवेक अपने भीतर जागृत करें, तीन ए का हमेशा ध्यान रखें एक्टिव, एलर्ट और अवेयरनस। आप जिस क्षेत्र में है, जहां है, उस क्षेत्र में श्रेष्ठतम देने का



कुरुक्षेत्र। शिविर में शामिल स्वयंसेवक।

प्रयास करें। गीता हमें सिखाती है कि जिस भी काम को हम करें उसमें शारीरिक और मानसिकता रुप से उपस्थित रहे। शिविर निदेशक विनीत गाबा ने मुख्य अतिथि गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानन्द महाराज और डा. सुनील कुमार, राज्य महासचिव, भारतीय रैडक्रास सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ आभार प्रकट किया। इस अवसर पर संयुक्त शिविर निदेशक सुमन बाला, ओमप्रकाश गांधी, कृष्ण कुक्कड़, अंजू शर्मा, अंजू कुमारी आदि मौजूद रहे।

### भीख मांगने वाले बच्चों का किया जाएगा पुनवार्स : शम्भू राठी

**कुरुक्षेत्र।** जिला परिषद के सीईओ शम्भू राठी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में सडकों और सार्वजनिक स्थलों पर भीख मांगने वाले बच्चों का पुनर्वास किया जाएगा। सरकार ने अपने राज्य में अब बाल भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए रोडमैप तैयार कर लिया है। पुलिस, बाल संरक्षण, स्वास्थ्य, श्रम और सामाजिक कल्याण विभाग मिलकर भिक्षावृत्ति पर रोक लगाएंगे। इसमें संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाल भिक्षावृत्ति के मूल कारणों को समाप्त करने और इसे जड़ से मिटाने के लिए रोडमैप तैयार किया गया। सीईओ शम्भू राठी ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आजीविका एवं उद्यम के लिए हाशिए पर पड़े व्यक्तियों के लिए सहायता (स्माइल) नामक योजना तैयार की गई है। जिसमें उप योजना भिक्षावृत्ति में शामिल व्यक्तियों को व्यापक पुनर्वास शामिल है। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला प्रशासन ने प्रारंभ में भिक्षावृत्ति हाटस्पाट यथा ट्रैफिक लाइट, धार्मिक स्थल और बाजार का सर्वे किया जाएगा। इसके बाद बाल भिक्षुकों की गणना और अनाथ, परित्यक्त या बिना पारिवारिक सहयोग वाले बच्चों की पहचान की जाएगी।

### अनक्लेम्ड बैंक डिपॉजिट जानने के लिए 12 को पंचायत भवन में लगेगा विशेष शिविर

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देशभर में चलाए जा रहे अनक्लेम्ड डिपॉजिट अवेयरनेस अभियान के अंतर्गत जिला में भी लोगों को जागरूक करने के लिए 12 दिसंबर को पंचायत भवन में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में उन खातों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, जिनमें जमा धनराशि 10 वर्षों से अधिक समय से निष्क्रिय पड़ी है और जिसे खाता धारक या उनके परिवार के सदस्य अब भी दावा कर सकते हैं। एलडीएम मलकीत सिंह ने बताया कि देशभर में बैंकों द्वारा ऐसे खातों में जमा राशि को वापस दिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, ताकि नागरिक अपनी पूंजी का पुनः लाभ उठा सकें। अधिकतर मामलों में लोग पुराने बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, बचत खाते या अपने पूर्वजों द्वारा खोले गए खातों को भूल जाते हैं, जिसके कारण यह राशि बैंक द्वारा आरबीआई की डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड में स्थानांतरित कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि 12 दिसंबर को पंचायत भवन में लगने वाले विशेष शिविर में बैंक अधिकारी लोगों को यह जानकारी देंगे कि यदि कोई खाता लंबे समय से निष्क्रिय है तो उसमें पड़ी राशि को किस प्रकार पुनः प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही आवेदन की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और सत्यापन संबंधी जानकारी भी विस्तार से उपलब्ध कराई जाएगी।

# आत्मनिर्भर यात्रा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ›› पिहोवा

आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और देशभर में स्वदेशी की जागरूकता का संदेश फैलाने के उद्देश्य से निकाली गई आत्मनिर्भर यात्रा आज कैथल से चलकर जब पिहोवा के नेशनल हाईवे 152 स्थित थाना टोल प्लाजा पर पहुँची, तो स्वागत करने उमड़ी भारी भीड़ ने माहौल को राष्ट्रभक्ति और उत्साह से भर दिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा के बेटे एवं युवा भाजपा नेता विंकल शर्मा ने अपने साथ भाजपा नेताओं, कार्यकतार्ओं, पंचायत प्रतिनिधियों और कार्यकतार्ओं के विशाल जत्थे के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा का स्वागत करते हुए विंकल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज भारत आत्मनिर्भरता की राह पर अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है। यह प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरदर्शी सोच और स्वदेशी आधारित विकास मॉडल का परिणाम है।



### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला पर्व शर्मा संयोजक प्रदेश स्वदेशी अभियान ,हरिओम अग्रवाल, लाड़ी पाल, चंद्रगुप्त मंगला, सुखबीर सिंह, अभिजीत वासन, जस्सी शर्मा, वजीर सिंह, सरपंच जयप्रकाश, रामनाथ, रामलाल अरनेचा, विजय, दिलबाग सरपंच,सचिन गुज्जर जिप सदस्य ,हरदीप, जगरूप तंगोली, जीताराम, कर्मबीर हेलवा,राजेश शर्मा, विक्की,प्रदीप गुलडेरा ,रमेश ककराला ,संजय ककराली पार्षद, पंच, सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया।



लाडवा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह व उपस्थित लोग।

### 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली सरकार तक जनता का संदेश पहुंचाने का बनेगी मंच: मेवा सिंह

**लाडवा।** सोमवार को लाडवा में निजी स्थान पर कांग्रेस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह ने शिरकत की। उन्होंने कांग्रेस कार्यकतार्ओं को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली को लेकर कांग्रेस कार्यकतार्ओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का पदार्फाश करने के साथ वोट चोरी के दम पर बनी सरकार की असलियत से जनता को परिचित किया जाएगा। मेवा सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खुलासे के बाद देश के सामने भाजपा और चुनाव आयोग की पोल खुल चुकी है ऐसे में कांग्रेस की ओर से वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी ओर सामाजिक असमानता चरम सीमा पर पहुंच चुकी है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है इन मुद्दों को हर घर तक पहुंचाए।

### एनआईटी का वार्षिक ग्लोबल एलुमनी दिवस 20 को

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा हासिल किए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान अपने 62 साल के कार्यकाल में पहली बार 20 दिसंबर को वार्षिक ग्लोबल एलुमनी दिवस का आयोजन करेगा। इसमें विश्वभर में नामचीन कपंनियों से जुड़े 500 के करीब पूर्व विद्यार्थियों के पहुंचने का अनुमान है। इनमें कइयों ने खुद की बड़ी कंपनियां खड़ी कर रखी हैं तो कुछ नामचीन कंपनियों में अपनी प्रतिभा का



प्रदर्शन कर रहे हैं व आइएएस और आइपीएस बनकर सेवाएं दे रहे हैं। आइएएस विजय मोहन बंसल, आइएएस अंकुर गुप्ता, आइएएस अमरनाथ, पंजाब के पूर्व डीजीपी ईश्वर सिंह, सेवानिवृत्त इंजीनियर इन चीफ विजय गुप्ता समेत कई पूर्व छात्रों ने आने की हामी भरी है। प्रो. बीवी रमना रेड्डी, निदेशक, एनआइटी ने बताया कि एनआइटी के इतिहास पहली बार ऐसा आयोजन किया जाएगा। इसको भव्य बनाने के लिए कमेटियां गठित कर दी गई हैं। एनआइटी से अभी तक 40 हजार विद्यार्थी पासआउट हुए हैं। इनमें 15 हजार विद्यार्थियों को एलुमनी एसोसिएशन से जोड़ दिया गया है, बकाया 25 हजार को भी जोड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता, डॉ. प्रतिभा अग्रवाल ने कहा कि पूर्व छात्रों और वर्तमान छात्रों के बीच संवाद से छात्रों के आत्मविश्वास, करियर मार्गदर्शन और व्यावसायिक अनुभव में वृद्धि होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों का आगमन नई पीढ़ी को उच्च लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें समर्पण के साथ प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। एनआइटी पूर्व छात्र कल्याण अधिष्ठाता, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं रोबोटिक्स एंड मैकेनिकल विभाग के अध्यक्ष और एलुमनी अफेयर के एसोसिएट डीन प्रो. दीक्षित गर्ग ने बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए फायदेमंद रहेगा। नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्रों के अनुभव और उद्योग जगत से उनके जुड़ाव का लाभ वर्तमान विद्यार्थियों को सीधे तौर पर मिलेगा। एनआईटी कुरुक्षेत्र के एंडोमेंट बोर्ड सदस्य एवं एग्जीक्यूटिव बॉडी सदस्य पूर्व छात्र जैसे डॉ. रॉजर कुमार, डॉ. प्रदीप मलाह, मनोरमा, एवं अंकुर जैन इस एलुमनी डे को बड़ी सफलता बनाने में सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

**स्वास्थ्य** | डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने राजकीय विद्यालय पिंडारसी में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया

*113 मरीजों को निःशुल्क परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण ब्लड शुगर, पल्स रेट, हीमोग्लोबिन की जांच तथा दवाइयां प्रदान की*

# बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए संतुलित खानपान व योग जरूरी : संजय

हरिभूमि न्यूज ›› कुरुक्षेत्र

डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, पिंडारसी में निःशुल्क मेडिकल कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हिमांशु जैन ने कहा कि जनसेवा की ओर एक कदम, आपका स्वास्थ्य हमारा लक्ष्य केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि हस्पताल द्वारा निभाई जा रही सतत सामाजिक जिम्मेदारी का जीवंत संकल्प है। उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक बेहतर, सुलभ एवं जागरूक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और बदलते मौसम में फैलने वाली बीमारियों के प्रति लोगों को सावधान करना है।




कुरुक्षेत्र। शिविर में मौजूद चिकित्सक।

### शारीरिक व्यायाम के महत्व पर जानकारी दी

डॉ. जैन ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर विभिन्न गांवों में निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। डॉ. संजय शर्मा ने भी बदलते मौसम में स्वस्थ रहने हेतु संतुलित खानपान, योग, प्राणायाम और नियमित शारीरिक व्यायाम के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में यह 2058वाँ हेल्थ कैंप आयोजित किया गया, जिसमें कुल 113 मरीजों की जाँच की गई। मरीजों को निःशुल्क परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण ब्लड शुगर, पल्स रेट, हीमोग्लोबिन आदि तथा फ्री दवाइयाँ प्रदान की गईं। गाँव के सरपंच अनिल ने डॉ. हिमांशु जैन ब्रेन एवं स्पाइन न्यूरो सर्जन, डॉ. संजय शर्मा और उनकी समर्पित टीम का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों द्वारा न सिर्फ लोगों का उपचार किया गया, बल्कि उन्हें बदलते मौसम में स्वस्थ रहने हेतु जीवनशैली के महत्वपूर्ण पहलुओं से भी अवगत कराया गया, जोकि जनहित में अत्यंत सराहनीय पहल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व सरपंच ओमप्रकाश, गुरविंदर कौर वरिष्ठ समाजसेवी भैंसी माजरा, प्रीतपाल सेक्टर तीन परमजीत सिंह, विजेंदर सिंह प्रिंसिपल राजकीय उच्च विद्यालय पिंडारसी, मोनिका इंचार्ज प्राथमिक विद्यालय,ममता, गुरमीत व समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, मोनिका कोऑर्डिनेटर, अंजू, अमृत, गौरव, प्रवीण, संदीप शर्मा, कुलदीप, महेश, दिनेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### चोरी के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी करने का प्रयास मामले में पुलिस ने आरोपी प्रकाश उर्फ काकू को गिरफ्तार किया है। परिवादी योगेश ने 6 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि रात्रि को आरोपी ने उसकी दुकान में चोरी करने का प्रयास किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज बिना नंबर प्लेट की चोरीशुदा मोटरसाइकिल मामले में पुलिस ने आरोपी अमन को बिना नंबर प्लेट की चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी बिना नंबर प्लेट की चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित घूम रहा है। सूचना उपरांत पुलिस ने तुरंत सन्नी होटल लाल कुर्ती बाजार के पास से आरोपी को चोरीशुदा मोटरसाइकिल के साथ काबू किया। आरोपी की पहचान तेजामोहड़ी गांव के अमन के तौर पर हुई।

### नशा तस्करी का आरोपी दो दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज नशा तस्करी मामले में सीआईए-1 ने संलिप्त आरोपी सतनाम सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। पहले गिरफ्तार आरोपी अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी सतनाम सिंह भी इस मामले में संलिप्त है। 23 जून 2025 को सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी अनिल कुमार मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। पुलिसने आरोपी के कंटेनर से 12 कट्टे प्लास्टिक डोडा चूरापोस्त बरामद किया था। अब इस मामले में दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी हुई।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी सतीश को गिरफ्तार किया है। विष्णु विहार के रहने वाले धर्मपाल ने 2 नवबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 सितंबर 2024 से 27 सितंबर 2024 के दौरान आरोपी सतीश व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बडी रकम हडपने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।


## 65 लाख से नई कक्षाओं और लाइब्रेरी के निर्माण का शुभारंभ

# राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल को मिली सौगात

**पूर्व राज्य मंत्री ने निर्माण की नींव कन्याओं के हाथों रखवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर में शिक्षा के ढांचे को नया स्वरूप देने की दिशा में सोमवार एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अंबाला शहर के पुलिस लाइन में स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल को महत्वपूर्ण सौगात मिली है। बता दें कि स्कूल में लगभग 65 लाख रुपये की लागत से नई कक्षाओं और लाइब्रेरी के निर्माण का विधिवत शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने स्कूल की छात्राओं के साथ किया। असीम गोयल ने निर्माण की नींव विद्यालय की कन्याओं के हाथों रखवाकर समाज में बेटियों के सम्मान और शिक्षा को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने इस विशेष पल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। सरकार का उद्देश्य है कि हर बच्चे को आधुनिक और सुरक्षित शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने बताया कि लगभग 65 लाख रुपये की यह परियोजना स्कूल के भविष्य को नई दिशा देगी। इस दौरान उन्होंने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया और बताया कि इस नायब सौगात से स्कूल में 7 कमरे और लाइब्रेरी का निर्माण होगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष आंनद, पार्षद हितेश जैन,यतिन बंसल,संजीव गोयल,चंद्रमोहन फौजी,गुरविंदर सिंह सग्गू व अन्य मौजूद रहे।



**अंबाला।** छात्राओं से कमरों की नींव रखवाते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

### वाटर हार्वेस्टिंग- सोलर सिस्टम अनिवार्य

अंबाला के सरकारी स्कूलों में अब रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सोलर पैनल अनिवार्य होने जा रहे हैं। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने जिला शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक कर निर्देश दिए हैं कि जिन स्कूलों में बड़े स्तर पर रिपेयर का कार्य होना है या फिर स्कूल की बिल्डिंग का पुनः निर्माण किया जाना है,उन सभी स्कूलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सोलर सिस्टम अनिवार्य किए जाए। जिसके लिए एक प्रपोजल तैयार कर मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।

# एमपी के सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

■ आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मध्यप्रदेश के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों के सम्मान पर की गई अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ सोमवार को परशुराम ब्राह्मण कल्याण सोसायटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस दौरान समाज के प्रतिनिधि उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। यहां सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। समाज के सदस्यों ने कहा कि एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी अस्वीकार्य है। समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचती है। ज्ञापन में मांग की गई कि मध्यप्रदेश प्रशासनिक अधिकारी संतोष वर्मा के विरुद्ध सख्त कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।



**अंबाला।** सिटी मजिस्ट्रेट का ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### आंदोलन करने के लिए बाध्य

सोसायटी ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो समाज व्यापक स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। समाज ने यह भी स्पष्ट किया कि महिलाओं के सम्मान से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### इंटरनेशन साइंस एग्जिबिशन फेस्टिवल का किया भ्रमण

**नारायणगढ़।** राजकीय कालेज के प्राचार्य रोहित कुमार के दिशानिर्देशन में महाविद्यालय विज्ञान संकाय के भूगोल एवं भौतिक विज्ञान विभाग के लगभग 50 विद्यार्थियों ने पंचकूला में चल रहे इंडिया इंटरनेशन साइंस एग्जिबिशन फेस्टिवल का भ्रमण किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस फेस्टिवल में विज्ञान विषय पर आधारित अनेकों अनूठे मॉडलों और प्रयोगों को समझा और रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से निर्मित मॉडलों से विज्ञान में हो रहे विभिन्न परीक्षणों को जाना। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं कल्याण आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 300 से अधिक मॉडल प्रदर्शित किए गए थे।

## राजनीति, हिंसा, अराजकता व सत्ता के दबदबे को दिखाएगी सीरीज राजधानी




हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

**12 दिसंबर से सागा स्टूडियोज के प्लेटफॉर्म केबलवन पर होगी स्ट्रीम**

केबलवन प्रस्तुत करता है सागा स्टूडियोज के सहयोग से बनाई वेब सीरीज "राजधानी" एक दमदार क्राइम थ्रिलर जो राजनीति, हिंसा और अराजकता से भरी सत्ता-चालित दुनिया की गहराइयों में उतरती है। ऐसे समय में जब अपराध और भ्रष्टाचार समाज पर अपनी पकड़ कड़ी कर रहे हैं, यह वेब सीरीज उस कड़वी सच्चाई को तेजी से और रॉ रियलिज्म के साथ पर्दे पर लाती है। कहानी–स्क्रीनप्ले–डायलॉग्स लिखे हैं जीत ज़हूर ने, निर्देशन है अमरीप सिंह गिल का और निर्माण सुमीत सिंह द्वारा किया गया है। विज़ुअल टोन को आकार दिया है डीओपी अरूंदीप तेजी ने। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के साथ ही दर्शकों का उत्साह आसमान छू रहा है। टीजर और सोशल मीडिया पर जारी शुरुआती डिजिटल एसेट्स को भारी प्यार और एंगेजमेंट मिल रहा है। दर्शक इसकी रॉ टोन, दमदार विज़ुअल्स और इंटेंस नैरेटिव की जमकर सराहना कर रहे हैं। उम्मीदें तेज़ी से बढ़ रही हैं, डिजिटल ट्रैक्शन साफ नज़र आ रहा है और दर्शकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। बज को और बढ़ाते हुए, राजधानी टाइटल ट्रैक सोशल मीडिया पर पहले ही सनसनी बन चुका है—कई प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहा है। इसका हुक लाइन ऑर्गैनिक तरीके से एक कैचफ्रेज़ बन गई है, जिसे लोग गुनगुना रहे हैं, शेयर कर रहे हैं और रीक्रिएट कर रहे हैं।

## नगर सेवा सदन में स्थापित रैन बसेरे का रिबन काटकर किया शुभारंभ

**अंबाला।** पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला के प्रतिनिधि एवं विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने सोमवार को अंबाला शहर के अग्रसेन चौक के नजदीक नगर सेवा सदन में स्थापित रैन बसेरे का रिबन काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी एवं संस्था के सहयोग से यहां पर जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है, उसकी भी सराहना की। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर संस्था के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने इस मौके पर बताया कि रैन बसेरा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सर्दी के मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति फुटपाथ पर सोने को मजबूर न हों। उन्होंने कहा कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति यहां पर आकर आश्रय ले सकता हैं। यहां पर जिला प्रशासन व संस्था के सहयोग से यहां पर रहने वाले लोगों के लिए भोजन व अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि इस रैन बसेरा से निसंदेह जरूरतमंद लोगों को लाभ मिलेगा। संस्था के प्रतिनिधियों को कहा कि वे इसी प्रकार जरूरतमंद लोगों के लिए कार्य करते रहें। उन्हें जो भी सहयोग सहायता की आवश्यकता होगी उन्हें उपलब्ध करवाई जाएगी। मौके पर नगर सेवा संघ (सेवा सदन) के प्रधान राजेश खोसला, उप प्रधान सुरेंद्र घई, सचिव सुरेंद्र मल्होत्रा भी मौजूद रहे।



रैन बसेरे का रिबन काटने पहुंचे रितेश गोयल।

### अंबाला में ज्यादातर चिकित्सकों ने दी सेवाएं

**अंबाला।** वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) की सीधी भर्ती रोकने समेत कई मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल के पहले दिन सोमवार को जिले में कोई असर नहीं देखने को मिला। सभी डॉक्टरों ने ओपीडी, एमरजेंसी में मरीजों को जांचा व उपचार किया। इसके अलावा सामान्य दिनों की तरफ ऑपरेशन हुए। हालांकि पुलिस की तरफ से हड़ताल को लेकर पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। जिलाभर के नागरिक अस्पतालों में पुलिस का पहरा रहा। अतिरिक्त महिला व पुरुष जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस हड़ताल का एलान हरियाणा चिकित्सा सेवा संघ के बैनर तले हुआ था। एचसीएमएसए की मांग है कि सीधी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) की भर्ती पर रोक लगाई जाए व पहले से ही स्वीकृत किए गए संशोधित संवर्धित सेवा संवितरण(एसीपी) संरचना की अधिसूचना जारी करना है।

## प्रदेश में 694 गोशालाओं में चार लाख से ज्यादा गोवंश पंजीकृत

**अंबाला।** हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग ने कहा कि प्रदेश सरकार बेसहारा गौवंश के संरक्षण के लिए निरंतरता में कार्य कर रही हैं। कई योजनाएं क्रियान्वित करके इसके लिए कार्य भी किए जा रहे है। योजना के दृष्टिगत प्रति गौवंश बच्चे के लिए 10 रूपए, 20 रूपए गाय के लिए तथा 25 रूपए नंदी के लिए प्रतिदिन गौशालाओं को देने का काम किया जा रहा हैं। इसके तहत 88 करोड़ 54 लाख रूपए की राशि चेक के माध्यम से गौशालाओं के प्रतिनिधियों को देने का काम किया जा रहा है। चेयरमैन श्रवण गर्ग सोमवार को लोक निर्माण विश्राम गृह अंबाला शहर में गौशालाओं के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक ले रहें थे। इस मौके पर गौशालाओं के प्रतिनिधियों ने चेयरमैन को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिन्नदन भी किया। गर्ग ने इस मौके पर कहा कि गौवंश के संरक्षण के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित करके उसे धरातल पर लागू करने का काम किया गया है।

## सुभाष पार्क में लगाई जाएंगी फैंसी लाइटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

**सात लाख की लागत से पार्क में होगा उजाला**

सुभाष पार्क में नई फैंसी लाइटें लगाई जाएंगी ताकि पार्क का अंधेरा दूर हो और यहां आने वाले लोगों को सुविधा मिले। यह कार्य लगभग सात लाख की लागत से किया जाएगा। नगर परिषद ने कंपनी को निविदा जारी कर दी है और ठेकेदार ने तुरंत प्रभाव से काम भी शुरु कर दिया है। प्राथमिक चरण में पार्क के अंदर 100 नई फैंसी लाइटें लगाई जाएंगी जोकि उन स्थानों पर लगाई जाएंगी, जहां लगी लाइटें या तो टूट चुकी हैं या फिर ये पिछले काफी समय से बंद पड़ी हुई हैं। सुभाष पार्क के सुंदरीकरण को लेकर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कई बार औचक निरीक्षण भी कर चुके हैं। दिनों जब पार्क में सिंथेटिक ट्रैक के कार्य का शुभारंभ किया गया था तो उन्होंने टूटी फैंसी लाइटों को देखकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाई थी।

### काम प्रारंभ किया

सुभाष पार्क में फैंसी लाइटों की व्यवस्था को सुधारने का कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार ने काम शुरू करवा दिया है। इसके अलावा पार्क के झूलों को बदलने का कार्य भी जल्द शुरु करवा दिया जाएगा और जो अन्य खामियां हैं, उन्हें भी दुरुस्त करवाया जा रहा है।
-देवेंद्र नरवाल, ईओ, नगर परिषद सदर

## 90 कर्मियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

**विभागीय अधिकारियों से जल्द वेतन दिलवाने की लगाई गुहार**

हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल्स वर्कर्स यूनियन से जुड़े कौशल कर्मचारियों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिल पाया। इसी वजह से ज्यादातर कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों का कहना है कि वेतन न मिलने से उनके सामने भारी आर्थिक संकट खड़ा है। इसके बावजूद सरकार उनके हितों का ख्याल नहीं कर रही है। वेतन न मिलने के विरोध के लेकर सोमवार को ज्यादातर कर्मचारी छावनी में जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता, अधीक्षक अभियंता के ऑफि में जमा हुए। यहां जमा कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर सरकार के खिलाफ जमकर रोष जताया। साथ ही नारेबाजी भी की। उन्होंने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत 90 कर्मचारी कार्यरत है।



वेतन न मिलने पर रोष जताते कर्मचारी।

**कार्यक्रम** | प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी : दिव्या

**बीमारी की गोली को कैप्सूल समझ कर नहीं ड्राई फ्रूट काजू बादाम समझ कर खाएं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जग्गी कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि में बहुत ही सुंदर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका विषय 'संगमः गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन' रहा। इस कार्यक्रम का नारा रहा /"सम्मान से बढ़े बुजुर्गों की शान, यही है भारत की सच्ची पहचान/"। आश्रम संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दिव्या दीदी ने बताया ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के समाजसेवा प्रभाग और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के बीच एमओयू साइन किया गया है। इसके तहत समाजसेवा प्रभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु 'संगमः गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन' नामक एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा। दीदी ने कहा वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी है। भविष्य के मार्गदर्शक भी हैं। हमें उनके मार्गदर्शन को महत्व देना चाहिए और उनकी बहुमूल्य संगति का आनंद लेना चाहिए।



**अंबाला।** कार्यक्रम में मौजूद मुख्य वक्ता व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### उम्र को हावी न होने दे

कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ में जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है तो रिस्पेक्ट भी बढ़ती है। उम्र बढ़ती है तो बढ़ती उम्र को स्वयं पर हावी न होने दें। इस डर को खत्म करने के लिए हमें ब्रह्माकुमारीज में पहले ही दिन लेसन मिलता है। मेरी यदि मेरे मन में रिस्पेक्ट है तब ही समाज और परिवार भी मेरी रिस्पेक्ट करेगा। उन्होंने कहा कि नौजवान बिना लक्ष्य के दिशाहीन होकर दौड़ रहा है। उसके पास धैर्य नहीं है। उनको सही दिशा बताने की कला, धैर्य की पूंजी हमारे पास है। परिवार में सुख शांति से रहने के लिए उन्होंने टिप्स दिए कि हमें अपनी जिम्मेवारी को बढ़ाना नहीं है। कहा कि बीमारी की गोली को कैप्सूल समझ कर नहीं ड्राई फ्रूट काजू बादाम समझ कर खाएं।

